## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16 सितम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- महिलाओं के साथ होने वाली घटनाओं पर बीट सिपाही से लेकर डिप्टी एसपी तक की तय होगी जवाबदेही। प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिये निर्देश।
- बहराइच के महसी तहसील क्षेत्र में भेड़ियों के हमलों से पीड़ित परिवारों से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात। मीडिया से बातचीत में बोले मुख्यमंत्री–आगे जनहानि होने पर भेड़िये को गोली मारने का विकल्प खुला।
- बारिश और बाधों से पानी छोड़े जाने के चलते प्रमुख नदियां उफान पर। कई जिलों में बाढ़ के हालात ।
- आज ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया जा रहा इस्लाम धर्म के आखिरी नबी मोहम्मद साहब का जन्मदिन। कई क्षेत्रों में जुलूसे मोहम्मदी के आयोजन को देखते हुए यातायात व्यवस्था में परिवर्तन।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महिलाओं की सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में हैं। इससे किसी भी प्रकार समझौता नहीं किया जा सकता। महिलाओं के प्रति अपराध से जुड़ी छोटी से छोटी सूचना पर तत्काल एक्शन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं पर बीट सिपाही से लेकर डिप्टी एसपी तक की जवाबदेही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री कल देर शाम कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों को लेकर उच्च अधिकारियों के साथ प्रदेश स्तरीय बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सभी जिलों के अधिकारियों को चेतावनी दी कि अगर जन शिकायतों के निस्तारण में देरी की गई या फिर झूठी रिपोर्ट लगाई गई तो जिम्मेदार के प्रति अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलाधिकारी तहसीलों की और मंडलायुक्त जिलों की व्यवस्था की समीक्षा कर यह पता लगाएं कि आम आदमी के आवेदन लंबित क्यों हैं। उन्होंने कहा कि नामातंरण, पैमाइश, भू प्रयोग परिवर्तन, वरासत जैसे आम आदमी से जुड़े मामले किसी भी दशा में लंबित नहीं रहने चाहिए। तय समय सीमा के भीतर निस्तारण होना ही चाहिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने आगामी पर्व त्योहारों को हर्ष उल्लास से मनाने के लिए आम जन की सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने और अवैध टैक्सी स्टैंडो के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम बहराइच जिले के महसी तहसील क्षेत्र के सिसइया चूरामणि में भेड़ियों के हमलों में जान गंवाने वाले और घायल हुए लोगों के परिवारजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवारों को राशन सहित अन्य जरूरी सामान वितरित किये और साथ ही वन विभाग के अधिकारियों को लोगों की सुरक्षा और शेष बचे आदमखोर भेड़ियों को पकड़ने के निर्देश दिये। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आगे जनहानि होने की दशा में भेड़िये को गोली मारने का विकल्प भी खुला रहेगा।

बहराइच में महसी तहसील क्षेत्र में पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण भी किया।

**********

बहुजन समाज पार्टी ने अम्बेडकर नगर जिले के कटेहरी विधानसभा उप चुनाव के लिए अमित वर्मा जितेन्द्र को प्रत्याशी घोषित किया है। यह घोषणा कल अम्बेडकर नगर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने की। इसके पहले बसपा की तरफ से प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा उप चुनाव के लिए शिवबरन पासी, मिर्जापुर के मझवां के लिए दीपक तिवारी और अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव के लिए राम गोपाल कोरी को प्रभारी, प्रत्याशी घोषित किया जा चुका है।

**********

यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन की तरफ से आगरा कैंट से बनारस के मध्य वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उदघाटन आज विशेष गाड़ी के रूप मे किया जाएगा। यह ट्रेन आगरा कैंट से शाम सवा चार बजे से प्रस्थान कर रात ग्यारह बजकर पचपन मिनट पर बनारस पहुंचेगी। टुंडला, इटावा और कानपुर सेंट्रल होकर जाने वाली इस ट्रेन में आठ कोच लगाये जाऐंगे।

**********

गोरखपुर में कचहरी बस स्टेशन पर लगने वाले जाम को देखते हुए रोडवेज प्रशासन ने अब साठ बसों का संचालन नौसढ़ बस स्टेशन से शुरू कर दिया है। ये बसे वाराणसी, प्रयागराज, बलिया, आजमगढ़, गाजीपुर और मऊ डिपो की हैं जो गोरखपुर आती हैं। रोडवेज प्रशासन के मुताबिक इन डिपो से आने वाली बसें सुबह आठ बजे से लेकर शाम सात बजे तक नौसढ़ बस स्टेशन से चलायी जाएगीं।

**********

बीते कुछ दिनों में कई जिलों में हुई बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के चलते कई नदियां उफान पर आ गयी हैं। इससे कई जिलों में बाढ़ के हालात पैदा हो गये हैं। पहाड़ों पर हो रही लगातार वर्षा एवं बनबसा बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण लखीमपुर खीरी में जनपद की लगभग सभी नदियां शारदा ,घाघरा, सहेली , मोहाना, उल्ल आदि काफी उफान पर देखी जा रही है । जिले का लगभग आधा इलाका बाढ़ से प्रभावित देखने को मिल रहा है । जगह–जगह रोडे कट गई है घरों और फसलों का काफी नुकसान हुआ है। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वह यदि नदियों के पास रह रहे हैं तो ऊंचे स्थानों पर चले जाएं। दुधवा नेशनल पार्क में भी बाढ़ का पानी काफी भर गया है, जिस कारण दुर्लभ जानवर भी जंगल से काफी संख्या में बाहर आते देखे जा रहे हैं । उधर, बदायूं, बलिया और औरैया जिले में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। जबकि जालौन, हमीरपुर में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। बाराबंकी और अयोध्या में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई है।

फर्रूखाबाद में गंगा नदी में नरौरा बांध, बिजनौर बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण यहां गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से नौकाओं का संचालन बंद कर दिया गया है। यहां गंगा नदी कल शाम चेतावनी बिन्दु से सत्रह सेंटीमीटर उपर बह रही थी। वाराणसी में ग्यारह बाढ़ राहत शिविर क्रियाशील किये गये हैं जहां बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन व अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। प्रयागराज में भी गंगा और यमुना नदी में आये उफान के चलते संगम स्थल के शहरी क्षेत्रों में नावे चलने लगी हैं। संगम क्षेत्र के आस–पास हाई अर्लट घोषित किया गया है। इस बीच मौसम विभाग ने बुंदेलखण्ड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आज बारिश होने का अनुमान जताया है।

**********

लखनऊ विश्वविद्यालय का सड़सठवां दीक्षांत समारोह आज सुबह साढ़े दस बजे से मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव संजय कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में होगा जो कि विश्वविद्यालय की कुलाधिपति भी हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म भूषण डॉक्टर विजय पांडुरंग भातकर होंगे। डॉक्टर भातकर कंप्यूटर वैज्ञानिक है और भारत में सुपर कंप्यूटर के जनक के रूप में जाने जाते हैं।

**********

प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों के फ्रंटलाईन स्टाफ को रोगियों और तिमारदारों के साथ किये जाने वाले व्यवहार को लेकर प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रदेश के प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा के अनुसान इसके लिए मास्टर ट्रेनर तैयार किये जा चुके हैं।

**********

इस्लाम धर्म के आखिरी नबी मोहम्मद साहब का जन्मदिन आज ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इस अवसर पर सभी प्रदेशवासियों, खासकर मुस्लिम धर्म के लोगों को बधाई दी है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित पूरे राज्य में इस अवसर पर आज जुलूस ए मोहम्मदी का आयोजन होगा। लखनऊ में जुलूस की शुरुआत अमीनाबाद स्थित झंडे वाले पार्क से होगी। यहां से जुलूस मौलवी गंज, नादान महल रोड, नेहरू क्रॉस और बिल्लौचपुर होते हुए ऐशबाग ईदगाह पर जाकर खत्म होगा। कल रात से शुरू हुए जलसे और महफिले आज सुबह की नमाज के पहले तक जारी रहे। आज लखनऊ में एक और जुलूस, जुलूस ए मोहम्मदी शाह मीना शाह की मजार से निकालने की घोषणा शहर काजी इरफान मियां फिरंगी महली ने की है। इससे पहले बीती रात जगह–जगह जश्ने सीरातुन नबी का आयोजन किया गया। मथुरा और गोरखपुर सहित कई जिलों में भी अलग–अलग क्षेत्रों से ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस ए मोहम्मदी निकालने की तैयारिया पूरी कर ली गयी है। इसे लेकर जिलों में आज यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है।

**********